**दिनांक 22.10.2021 को राज्य परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में कार्यालय उपयोग के लिये Hiring of Vehicle सेवाओं को लेने से संबंधित प्राप्त निविदाओं का वित्तीय निविदा खोलने से संबंधित क्रय समिति की बैठक की कार्यवाही**

**बैठक की तिथि :– 22.10.2021, समय : 03.30 बजे अपराह्न**

**स्थान :– बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, राज्य स्तरीय कार्यालय,पटना।**

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के कार्यालय आदेश ज्ञापांक MIS/SS/40/2021-22/6566 दिनांक 21.10.2021 के आलोक में दिनांक 22.10.2021 को अपराह्न 03:30 बजे राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् की अध्यक्षता में क्रय समिति की बैठक सम्पन्न हुयी।

इस बैठक में कार्यालय उपयोग के लिये Hiring of Vehicle के संबंध में पूर्व में प्रकाशित निविदा के क्रम में M/s Maa Amba Tour & Travels एवं M/s Vandana Tour & Travels से प्राप्त आवेदन पर निर्णय हेतु संचिका संख्या Acctts/313/2018-19 के टिप्पणी पृष्ट सं0 47-48/N पर प्राप्त आदेश के आलोक में क्रय समिति के समक्ष लेखा शाखा द्वारा प्राप्त किये गये आवेदनो को रखा गया।

इस संबंध में मुख्य लेखा पदाधिकारी (प्रभारी) द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 23.07.2021 को राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् की अध्यक्षता में कार्यालयीय उपयोग के लिए Hiring of Vehicle सेवाओं को लेने से संबंधित क्रय समिति की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें 08 प्रकार के वाहनो के किराये पर आूपर्त्ति/उपलब्धता हेतु न्यूनतम दर अंकित करने वाले निविदादाता यथा M/s Vandana Tour & Travels को शेष 04 (चार) प्रकार के वाहनों को भी किराये पर आपूर्त्ति/उपलब्धता के लिए Negotiation हेतु आमन्त्रित किये जाने का निर्णय लिया गया था।

उक्त निर्णय के आलोक में कार्यालय पत्रांक Acctts/313/2018-19/4651 दिनांक 27.07.2021 के द्वारा दिनांक 28.07.2021 को 12:00 बजे मध्याह्न में शेष 04 (चार) प्रकार के वाहनों के दर पर Negotiation के लिए M/s Vandana Tour & Travels को राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के कक्ष में उपस्थित होने का निदेश दिया गया था परन्तु तत्कालीन राज्य परियोजना निदेशक के स्थानांतरण के कारण Negotiation बैठक नही हो सका।

तत्पश्चात् M/s Vandana Tour & Travels द्वारा प्राप्त पत्रांक VTT/2021-22/0189 दिनांक 24.08.2021 द्वारा सूचित किया गया कि Tender Document के Schedule IV (Part-A) का Category – A हेतु अंकित दर पर वाहन उपलब्ध कराने में असहमत हूँ।

बाकी शेष Schedule IV (Part-B) के पैकेज Full Day/Half Day Local –Swift Dzire/Amaze/ Scorpio/Xylo/Safari/Innova/ Crysta etc का दर जो L1 है, पर वाहन आपूर्त्ति करने की सहमति प्रदान करता हूँ।

इसी बीच एक अन्य निविदादाता यथा M/s Maa Amba Tour & Travels द्वारा पत्रांक 0 दिनांक 16.08.2021 में अंकित किया गया है कि Sedan Model वाहन के लिए मेरा दर L1 हुआ था, लेकिन अभी तक मुझे न्यू टेंडर के अनुसार वाहन उपलब्ध कराने का आदेश नहीं दिया गया है। उसने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् में Sedan Model वाहन मेरे द्वारा ही उपलब्ध कराया जा रहा है। मुझे 23.07.2021 को खुले वित्तीय निविदा के दर पर या पूर्व से चल रहे दर पर वाहन उपलब्ध कराने का आदेश देने की कृपा करेंगे।

समिति द्वारा उपर्युक्त बिन्दुओं पर विचार विमर्श और Samagra Shiksha के Manual On Financial Management and Procurement के कंडिका 7.17.28 में अंकित **"Negotiation after tenders should ordinarily be discouraged. It may, however, be undertaken only with the lowest evaluated responsive bidder (L1) as per the State's procurement procedure** का अवलोकन किया गया।

तत्पश्चात् समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–

1. दिनांक 23.07.2021 को सम्पन्न क्रय समिति की बैठक में Negotiation के संबंध में लिये गये निर्णय को समीक्षोपरांत वापस लिया गया।

2. मासिक किराया के आधार पर Schedue – IV (Part-A) के Category A के अंतर्गत Swift Dzire/Honda/Amaze/Mahindra Verito/Hundai Xcent/Honda City/ Tata Tigor वाहनों के मासिक किराये पर अपूर्त्ति/उपलब्धता हेतु न्यूनतम दर (L-1) अंकित करने वाले निविदादाता यथा M/s Maa Amba Tour & Travels द्वारा अंकित दर रूपये 32,490/- (बतीस हजार चार सौ नब्बे रूपये मात्र) (Monthly rate per vehicle for minimum of 1000kms. of use per month including fuel & all taxes) अनुमोदित किया गया। साथ ही M/s Maa Amba Tour & Travels द्वारा एक माह में 1000 कि0मी0 से अधिक उपयोग होने पर प्रति किलोमीटर राशि रूपये 13/- (तेरह रूपये मात्र) अंकित किया गया है एवं अन्य फर्म के द्वारा रूपये 12/- (बारह रूपये मात्र) अंकित किया गया है। अतः समिति द्वारा M/s Maa Amba Tour & Travels द्वारा एक माह में 1000 कि0मी0 से अधिक उपयोग होने पर प्रति किलोमीटर राशि रूपये 13/- (तेरह रूपये मात्र) के स्थान पर रूपये 12/- (बारह रूपये मात्र) को अनुमोदित किया गया।

3. आवश्यकतानुसार Schedule –IV (Part – B) के Full Day Local एवं Half Day Local हेतु Swift Dzire/Honda/Amaze/Mahindra Verito/Hundai Xcent/Honda City/Tata Tigor/Scorpio/Xylo/Safari/Fortuner वाहनो के किराये पर आपूर्त्ति/उपलब्धता हेतु न्यूनतम दर (L-1) अंकित करने वाले निविदादाता यथा M/s M.S. Tour & Transport द्वारा अंकित निम्नांकित दर को अनुमोदित किया गया :–

| **Local DUTY** | | **M/s M.S. Tour & Transport** | | |
|---|---|---|---|---|
| **Packages** | **Hrs./K.M.** | **Swift Dzire/Honda Amaze/mahindra Verito/Hundai Xcent/Honda City/Tata Tigor (Including GST)** | **Scorpio/Xylo/Safari (Including GST)** | **Fortuner (Including GST)** |
| | | **Ac** | **Ac** | **Ac** |
| Full Day Local | 12 hrs 100 KM | 2021.00 | 2300.00 | 4100.00 |
| Half Day Local | 08 Hrs 75 KM | 1670.00 | 2003.00 | 3380.00 |
| Extra use | Per Hrs | 150.00 | 200.00 | 300.00 |
| | Per KM | 11.20 | 12.20 | 32.00 |

अंत में अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Ram 22.10.21 — 22.10.2021

(रमण कुमार)
मुख्य लेखा पदाधिकारी (प्रभारी)

(प्रभात कुमार पंकज)
उप–निदेशक, (प्रा0शि0), शिक्षा विभाग,

22/10/21

(रवि शंकर सिंह)
अपर राज्य परियोजना निदेशक सह प्रशासी पदाधिकारी

22/10/21

(श्रीकांत शास्त्री)
राज्य परियोजना निदेशक